ARMY INSTITUTE OF EDUCATION

NAAC Accredited, NCTE & RCI Approved & ISO 9001:2015 Certified Institute
(AFFILIATED TO GGSIP UNIVERSITY, NEW DELHI)
Plot M1, Pocket P5, Sec-CHI2, Greater NOIDA

"हिंदी भाषा कौशल" कार्यशाला पर रिपोर्ट

दिनांक : – 13 सितंबर 2022

आर्मी इंस्टिट्यूट ऑफ़ एजुकेशन, ग्रेटर नोएडा ने 13 सितंबर 2022 को हिंदी पखवाड़ा के अंतर्गत "हिंदी भाषा कौशल" पर ऑनलाइन कार्यशाला का आयोजन किया। इस कार्यशाला का संचालन श्री योगेश कुमार (सहायक आचार्य) एवं चिंतन कपूर (सहायक आचार्य) द्वारा किया गया। प्राचार्या डॉ अभिलाषा गौतम जी ने मुख्य वक्ता डॉ कुसुम लता (सहायक आचार्य) दौलत राम महाविद्यालय, दिल्ली का स्वागत किया और हिंदी भाषा की वर्तमान स्थिति पर प्रकाश डालते हुए कुछ काव्य पंक्तियों द्वारा समझाया। मुख्य वक्ता डॉ कुसुम लता जी ने हिंदी भाषा की दशा व दिशा के बारे में चर्चा की और हिंदी भाषा के भविष्य पर भी प्रकाश डाला । इस कार्यशाला में 73 छात्र-छात्राओं का विभिन्न गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी रही और अंत में प्राचार्या डॉ अभिलाषा गौतम जी ने धन्यवाद ज्ञापन देते हुए कार्यशाला के उद्देश्य को समझाया कि सभी को हिंदी भाषा के विकास एवं सम्मान के लिए कार्य करना चाहिए जिससे हिंदी भाषा अपना राष्ट्रीय भाषा के रूप में स्थान पा सके और हिंदी भाषा राष्ट्रीय स्तर एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सके।

इस कार्यशाला के द्वारा सभी छात्र-छात्राओं का हिंदी भाषा के प्रति रुचि एवं प्रेम जागृत हुआ और उनके द्वारा विभिन्न गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी की गई । अतः कार्यशाला अपने उद्देश्य को प्राप्त करने में सफल रही ।

"हिंदी भाषा कौशल" कार्यशाला की झलक"

Army Institute of Education Greater Noida

Abhilasha Gautam
डॉ अभिलाषा गौतम
प्राचार्या